(भारत के राजपत्र असाधारण, भाग–I, खण्ड I में प्रकाशनार्थ)

भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग
विदेश व्यापार महानिदेशालय
**उद्योग भवन**

**सार्वजनिक सूचना सं. 51/2015–2020**
**नई दिल्ली, दिनांकः 23 मार्च, 2022**

**विषयः– प्रक्रिया पुस्तक, 2015–2020 के पैरा 2.54 में संशोधन।**

विदेश व्यापार नीति, 2015–2020 के पैरा 1.03 तथा 2.04 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, महानिदेशक विदेश व्यापार एतद्द्वारा प्रक्रिया पुस्तक (2015–2020) के पैरा सं. 2.54 (घ)(V) (ii) में संशोधन करते हैं और नामित समुद्री पत्तनों में रेडिएशन पोर्टल मॉनिटर्स और कंटेनर स्कैनर्स को संस्थापित और प्रचालित करने हेतु अंतिम तिथि को दिनांक 31.03.2022 से 30.09.2022 तक बढ़ाते हैं।

**2. इस सार्वजनिक सूचना का प्रभावः**

नामित समुद्री पत्तनों में रेडिएशन पोर्टल मॉनिटर्स और कंटेनर स्कैनर्स के संस्थापन और प्रचालनीकरण हेतु समय–सीमा को मौजूदा 31.03.2022 से बढ़ाकर 30.09.2022 किया गया है।

संतोष कुमार सारंगी
23.3.

**(संतोष कुमार सारंगी)**
**महानिदेशक विदेश व्यापार एवं**
**पदेन अपर सचिव, भारत सरकार**
ईमेलः– dgft@nic.in

(फा. सं. 01/89/180/53/एएम–01/पीसी–II (ख)/ई–2382 से जारी)